RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 08 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 356 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के डॉक्टर ने दिया इस्तीफा...**




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई में खराब सड़कों को ठीक करने के लिए मंत्री का BMC को अल्टीमेटम कहा- नई खुदाई शुरू न करें...



**मुंबई :** मुंबई के उपनगरीय जिले में बारिश से पहले सड़क का काम पूरा हो सकता है. महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी के नेता आशीष शेलार ने सोमवार (7 अप्रैल) को कहा कि बीएमसी को 31 मई तक सड़क कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है. शेलार महानगर के उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री हैं. आशीष शेलार ने कहा, ''उन्होंने बृहन्मुंबई नगर निगम को अगले 15 दिनों के भीतर सड़क-वार रिपोर्ट देने के लिए कहा है. मानसून के अंत तक कोई भी नया सड़क कार्य शुरू नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं.''

### आशीष शेलार ने किया निरीक्षण

आशीष शेलार ने चल रहे सड़क कार्यों की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए बांद्रा पश्चिम का दौरा किया. उनके साथ अतिरिक्त नगर आयुक्त अभिजीत बांगर और अन्य अधिकारी मौजूद थे. बांद्रा, खार और सांताक्रूज (पश्चिम) में 74 सड़कों पर सीमेंट कंक्रीटिंग का काम चल रहा है. शेलार ने कहा कि फेज 1 और फेज 2 के तहत शामिल सभी प्रमुख सड़कों को 31 मई तक पूरा किया जाना चाहिए. कोई नई खुदाई शुरू नहीं होनी चाहिए.

### इन इलाकों में जारी है काम

मंत्री आशीष शेलार ने कहा, 'ह्वअधिकारियों को गुरु नानक पार्क, खार जिमखाना, बांद्रा जिमखाना, दौलत नगर द्वीप के पास सर्कुलर सड़कों के साथ-साथ मधुपार्क सहित सांताक्रूज तक के क्षेत्रों को बारिश से पहले पूरा करने का निर्देश दिया गया है. मानसून के दौरान लोगों को असुविधा से बचाने के लिए इन कार्यों का समय पर पूरा होना आवश्यक है. ''शेलार ने कहा कि इसमें शामिल सभी विभागों में जवाबदेही बनाए रखी जानी चाहिए.

# मुंबई : बांद्रा में बेटे ने अपने पिता की चाकू घोंपकर कर दी हत्या !



**मुंबई :** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मुंबई के बांद्रा में एक बेटे ने अपने पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यह घटना वाल्मीकि नगर की बताई जा रही है। आरोपी की पहचान नरसिंमा मुगोंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### छोटी सी बहस बनी हत्या की वजह

पुलिस के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब पिता और बेटा दोनों एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई। यह बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर नरसिंमा ने अपने पिता पर तेज धार वाले चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच पहले भी कई बार पारिवारिक मुद्दों को लेकर झगड़े होते रहते थे। यह कोई पहला मौका नहीं था जब दोनों में तनाव देखा गया हो। लेकिन इस बार विवाद ने इतना भयानक रूप ले लिया कि बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली।

### पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार

स्थानीय लोगों के लिए यह घटना चौंकाने वाली रही। वाल्मीकि नगर के आसपास के लोगों ने बताया कि परिवार में अक्सर छोटी-मोटी बहस की बातें सुनने को मिलती थीं, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतना गंभीर रूप ले लेगा। घटना की सूचना मिलते ही बीकेसी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही, पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस रात दोनों के बीच विवाद का असली कारण क्या था। आरोपी नरसिंमा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह हत्या पहले से सोची-समझी थी या फिर गुस्से में अचानक लिया गया कदम। साथ ही, पुलिस आसपास के लोगों और परिवार के अन्य सदस्यों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

# रोड पर ट्रक से कुचलकर 54 वर्षीय बाइक सवार की मौत, चालक हिरासत में...



**ठाणेः** ठाणे में सोमवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से 54 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान ठाणे के उथलसर इलाके के निवासी सुधीर चौधरी (54) के रूप में हुई है। ठाणे में दुकान चलाने वाले चौधरी अपने बेटे और मां के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान फुलकुमार यादव के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया, ''घटना दोपहर 12:30 बजे घोड़बंदर रोड पर हुई, जब बाइक सवार ठाणे से घोड़बंदर इलाके की ओर जा रहा था और दुर्घटना का शिकार हो गया।

पुलिस ने बताया कि जैसे ही बाइक सवार घोड़बंदर रोड पर पहुंचा, उसी दिशा से आ रहे ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं।'' पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और देखा कि वह बेहोश था और खून से लथपथ पड़ा था। उन्होंने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी और उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आगे की जांच जारी है।

# परिवार के साथ खाना खाया... फिर लातुर महानगरपालिका कमिश्नर ने कमरे में जाकर खुद के मारी गोली

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के लातूर महानगरपालिका के कमिश्नर बाबासाहेब मनोहरे ने खुद के गोली मारकर कथित आत्महत्या का प्रयास किया. जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सोमवार (7 अप्रैल) की सुबह मुंबई एयरलिफ्ट किया गया. लातूर जिले के स'ाद्री अस्पताल से स्थानीय हवाई अड्डे तक एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया ताकि आयुक्त को तत्काल मुंबई स्थानांतरित किया जा सके. दरअसल, मनोहरे ने शनिवार (5 अप्रैल) को देर रात बरसी रोड स्थित अपने निवास पर खुद को गोली मार ली थी. यह घटना रात करीब 11.30 बजे हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत गंभीर हालत में स'ाद्री अस्पताल ले जाया गया. रातभर में एक आपातकालीन सर्जरी की गई ताकि उनकी हालत को स्थिर किया जा सके.



### सिर के दाहिने हिस्से से आर-पार हुई गोली

स'ाद्री अस्पताल के निदेशक डॉ. हनुमंत किनीकर ने बताया कि गोली उनके सिर के दाहिने हिस्से से आर-पार हो गई थी, जिससे उन्हें इंटरनल ब्लडिंग हुई. उन्होंने कहा कि मनोहरे की हालत अभी भी गंभीर है, लेकिन प्रारंभिक उपचार के बाद कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं. डॉ. किनीकर ने कहा कि हमने रक्तस्राव को नियंत्रित कर उनकी हालत को स्थिर किया, उसके बाद उन्हें मुंबई रेफर किया गया.

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती

अब मनोहरे को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका आगे का उपचार और न्यूरोरिहैबिलिटेशन किया जाएगा. उन्हें विशेष उपचार सुविधा के लिए कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाने का फैसला किया गया.

### परिवार के साथ खाया खाना, कमरे में जाकर मारी गोली

शनिवार की शाम उन्होंने अपने परिवार के साथ सामान्य तरीके से बिताई थी. परिजनों ने बताया कि उन्होंने सभी से बातचीत की, रात का खाना खाया और उसके बाद अपने कमरे में चले गए. कुछ ही देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी. परिजन जब कमरे में पहुंचे तो वे घायल अवस्था में मिले. इसके बाद तुरंत मेडिकल सहायता बुलाई गई.

### 2022 में संभाला था कार्यकाल

बाबासाहेब मनोहरे ने 20 अक्टूबर 2022 को लातूर महानगरपालिका आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था. उन्होंने हाल ही में 27 मार्च को नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया था.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बेहतर सेहत की ओर..

'विश्व स्वास्थ्य दिवस'था। स्वास्थ्य के प्रति औसत आदमी ज्यादा सचेत हुआ है, लगातार शोध एवं विकास से दवाएं बेहतर हुई हैं और अस्पताल तथा डॉक्टर तक पहुंच अपेक्षाकृत आसान हुई है। नतीजतन 2019 तक मौजूदा सदी में इनसान की उम्र औसतन 6 साल बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर 73 साल की औसत उम्र तक आम आदमी जिंदा रह सकता है, जबकि भारत में यह सरकारी आंकड़ा औसतन 67 साल है। अलबत्ता चिकित्सकों के आकलन हैं कि यदि समयबद्ध तरीके से दवाइयां ली जाएं, परहेज किए जाएं, निरंतर टहलना-योग आदि किए जाएं और पोषण-व्यवस्था बेहतर हो, तो आम आदमी 80-85 साल की जिंदगी आसानी से जी सकता है। चलता-फिरता रह सकता है। यकीनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए गए हैं, क्रांतिकारी प्रयोग किए गए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को 'अपवाद'के तौर पर छोड़ा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना के इंजेक्शन भी बना लिए हैं, बेशक उन पर कुछ विवाद भी हैं, लेकिन उन्होंने आम आदमी को नए प्राण दिए हैं। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस'पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई निर्देश जारी किए हैं और स्वास्थ्य संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुधार-स्थितियों के भी खुलासे किए हैं। बेशक भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार घटती जा रही है। वर्ष 2000 से हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु-दर में करीब 70 फीसदी कमी आई है। नवजात शिशु की मृत्यु-दर में भी करीब 61 फीसदी की कमी आई है। बेशक ये शानदार आंकड़े हैं, जो हमारी स्वास्थ्य-सफलताओं की कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2000 में मातृ मृत्यु की संख्या 384 थी, जबकि 2020 में यह घट कर 103 रह गई। उसके बाद मातृ मृत्यु दर में और भी कमी आई होगी। बेशक भारत में मातृ मृत्यु-दर और नवजात बच्चों की मौत का औसत भी कम हुआ है, लेकिन आज भी करीब 25,000 मांओं की मौत हर साल हो रही है।

हर साल प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण भी करीब 3 लाख महिलाओं की मौत हो रही है, जबकि 20 लाख से अधिक बच्चे जीवन के प्रथम माह में ही दम तोड़ देते हैं। ये भयानक आंकड़े हैं। मौत के कारण कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि यदि उन्हें बेहतर इलाज मिले और समय पर महिला या शिशु डॉक्टर तक पहुंचाया जा सके, तो ये मौतें भी काफी कम हो सकती हैं। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस'का थीम रखा गया है-'स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य।'साफ मकसद है कि मां और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाना। 2030 तक मातृ मृत्यु-दर में सुधार के लक्ष्य से फिलहाल हर 5 में से 4 देश बहुत दूर हैं, जबकि 3 में से 1 देश नवजातों की मौतों को कम करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान' का एक अनुमान सामने आया है कि बीते दो दशकों के दौरान प्रजनन संबंधी पेचीदगियों के कारण करीब 13 लाख महिलाओं की मौत हुई। वाकई ऐसे आंकड़े चिंतित करने वाले हैं। बहरहाल विश्व स्वास्थ्य दिवस ने जो थीम तय किया है, उसके मद्देनजर एक साल तक अभियान चलाया जाएगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के डॉक्टर ने दिया इस्तीफा...

## धमकियों और तोड़फोड़ से हुए परेशान, बोले- मेरी सुरक्षा को खतरा

**पुणे:** पुणे स्थित दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में गर्भवती स्त्री को भर्ती न करने के मामले में सोमवार 7 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग ने जांच की रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में अस्पताल को दोषी पाया गया। इसके बाद खबर आ रही है कि पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में 10 लाख रुपये जमा नहीं करने पर एक गर्भवती महिला को भर्ती करने से इनकार करने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे डॉक्टर ने अपना इस्तीफा दे दिया है। अस्पताल सूत्रों ने यह जानकारी दी। अस्पताल में भर्ती नहीं किये जाने के कारण गर्भवती महिला की मौत हो गई थी।




दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. धनंजय केलकर ने बताया कि स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सुश्रुत घैसास ने अपने इस्तीफे के पीछे लोगों के आक्रोश, सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना तथा फोन पर उन्हें धमकियां दिये जाने का हवाला दिया है।

**मानसिक दबाव का किया दावा**

भाजपा विधान पार्षद अमित गोरखे के निजी सचिव की पत्न ी तनीषा भिसे की मौत के बाद अस्पताल आलोचनाओं का सामना कर रहा है। कथित तौर पर 10 लाख रुपये जमा न करने को लेकर तनीषा को भर्ती करने से अस्पताल ने मना कर दिया था। बाद में, एक अन्य अस्पताल में जुड़वां बेटियों को जन्म देने के बाद उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने डॉ. घैसास पर अस्पताल में भर्ती करने से पहले पैसा जमा करने की मांग करने का आरोप लगाया है।

डॉ. केलकर ने कहा, ''अपने इस्तीफे में डॉ. घैसास ने कहा है कि लोगों के आक्रोश, उनकी आलोचना और उन्हें धमकियां मिलने के कारण वह अत्यधिक मानसिक दबाव में हैं। उन्हें डर है कि इससे अन्य रोगियों के इलाज कर सकने में उन्हें परेशानी होगी और उनके परिवार की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। अपने काम के साथ न्याय न कर पाने की स्थिति से बचने के लिए उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया है।ह्व

**डॉक्टर के क्लिनिक में तोड़फोड़**

इससे पहले पुणे भाजपा इकाई की कई महिला कार्यकताओं ने उस डॉक्टर के निजी क्लिनिक पर धावा बोला और तोड़फोड़ की, जो तनीषा भिसे नामक गर्भवती महिला का इलाज कर रहा था।

# भिवंडी में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया. उनका दावा है कि यह संविधान के खिलाफ है और लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी. राज्यसभा में 13 घंटे से अधिक की बहस के इस विधेयक को पारित कर दिया गया था जबकि लोकसभा ने इसपर अपनी मुहर लगाई थी.

**अन्य समूहों के पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया**

वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ शनिवार देर रात प्रदर्शन किया गया और इसमें आलमी तहरीक रजा एकेडमी, अखिल भारतीय सुन्नी जमीयतुल उलमा और'अहले सुन्नत वल जमात' आंदोलन के अंतर्गत आने वाले कई अन्य समूहों के पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया.

**'यह केवल मुसलमानों का मुद्दा नहीं है'**

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एक मौलवी ने कहा, ''यह विधेयक (अब कानून) संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करता है. यह हर भारतीय के अधिकारों को खतरे में डालता है, चाहे वे हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई हों. यह केवल मुसलमानों का मुद्दा नहीं है. देश भर के सभी समुदायों के लोग विरोध करने के लिए आगे आ रहे हैं.''

रजा एकेडमी के संस्थापक सईद नूरी ने कहा कि वह सात अप्रैल को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली जाएंगे, जहां वे शीर्ष संवैधानिक विशेषज्ञों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श करेंगे, ताकि इस अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की संभावना सहित कानूनी रास्ते तलाशे जा सकें. एकेडमी के प्रवक्ता ने बताया कि इस मुद्दे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए समय मांगा गया है.

# मुंबई : मरोल में सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया



**मुंबई :** कार्यकर्ता गॉडफ्रे पिमेंटा ने मुख्यमंत्री और बीएमसी आयुक्त को दी गई अपनी शिकायत में कहा है, 'बीएमसी ठेकेदार द्वारा नियुक्त एक पाकिस्तानी कर्मचारी ने मरोल में सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया।' अंधेरी ईस्ट में चर्च रोड, मरोल पर सुधार कार्य के ईस्ट वार्ड की देखरेख में किया जा रहा है और इसका ठेका एआईसी इंफ्रास्ट्रक्कर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। वॉचडॉग फाउंडेशन के ट्रस्टी पिमेंटा ने कहा कि 5 मार्च को जब स्थानीय निवासियों ने पानी की पाइपलाइन को नष्ट करने के बारे में एक कर्मचारी से पूछताछ की, तो कर्मचारी ने असभ्य और शत्रुतापूर्ण तरीके से जवाब दिया और दावा किया कि वह 'पाकिस्तानी' है। इससे स्थानीय लोग चिंतित हो गए और पुलिस को इसमें शामिल होना पड़ा। 'कार्यकर्ता को आगे की पूछताछ के लिए एमआईडीसी पुलिस द्वारा ले जाया गया।

कार्यकर्ता ने कहा, ''इस घटना के बाद से, सड़क का सारा काम ठप हो गया है, ठेकेदार या बीएमसी के ईस्ट वार्ड की ओर से कोई जवाबदेही या संचार का संकेत नहीं है।'' पिमेंटा ने कहा कि खुदाई और सड़क निर्माण के दौरान, ठेकेदार के श्रमिकों ने कई पानी की पाइपलाइनों और भूमिगत बिजली के तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, प्रदूषण का खतरा है और संभावित बिजली के खतरे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह न केवल घोर लापरवाही है, बल्कि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के प्रति आपराधिक उदासीनता है।'' कार्यकर्ता ने घोर लापरवाही और कदाचार के लिए एआईसी इंफ्रास्ट्रक्कर प्राइवेट लिमिटेड को तत्काल निलंबित करने और काली सूची में डालने तथा क्षतिग्रस्त पानी की पाइपलाइनों और बिजली के तारों की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

## महिला की मौत के बाद इंडिगो विमान की कराई गई आपात लैंडिंग




**मुंबई:** इंडिगो एयरलाइंस के मुंबई से वाराणसी जा रहे विमान में सवार 89 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई जिसके बाद रविवार रात छत्रपति संभाजीनगर के चिकलठाणा हवाई अड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की सुशीला देवी मुंबई से विमान में सवार हुई थीं और उड़ान के दौरान ही उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी थी। मेडिकल इमरजेंसी के चलते विमान ने रात करीब 10 बजे चिकलठाणा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की। हवाई अड्डे पर मौजूद चिकित्सा टीम ने महिला की जांच की लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

# मुंबई : श्रीराम का नाम लेने के लिए लायक भी नहीं है भाजपा -उद्धव ठाकरे



**मुंबई :** उद्धव ठाकरे ने रामनवमी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि श्रीराम का नाम लेने के लिए लायक भी भाजपा नहीं है। अगर भारतीय जनता पार्टी रामराज्य की बात करती है तो उन्हें भगवान राम के जैसा आचरण और व्यवहार भी करना चाहिए।

महाराष्ट्र में वक्फ संशोधन एक्ट पर महाविकास अघाड़ी के घटक दलों की राह अलग-अलग नजर आ रही है। शिवसेना ने संसद में इंडिया गठबंधन का समर्थन करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया था। अब यह बिल कानून बन गया है। इसे लेकर महागठबंधन के घटक दलों ने वक्फ संशोधन एक्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का ऐलान किया, लेकिन उद्धव ठाकरे ने अपनी सहयोगी पार्टियों के इस फैसले का समर्थन नहीं दिया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एमवीए में दरार आ गई है?

पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर कहा कि इस कानून पर पार्टी को जो स्टैंड लेना था, वो ले चुकी है। इस मामले में शिवसेना कोर्ट का रुख नहीं करेगी। कांग्रेस या किसी अन्य पार्टियों को सुप्रीम कोर्ट जाना है तो जरूर जाए। उन्हें जो कहना था, वो कर दिया है।

**उद्धव ठाकरे के बयान से क्या मिल रहे संकेत?**

उद्धव ठाकरे के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि कहीं न कहीं महाविकास अघाड़ी में दरार आ सकती है। एक तरफ कांग्रेस वक्फ संशोधन एक्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रही है तो दूसरी तरफ शिवसेना इस मामले में महायुति का साथ नहीं देगी। उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट कर दिया कि जिसे कोर्ट जाना है जाए, लेकिन वे अदालत नहीं जाएंगे।

# पुणे : गोखले संस्थान के सचिव धन के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार




**पुणे :** प्रतिष्ठित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स (जीआईपीई) के फंड का जमीन खरीदने के नाम पर दुरुपयोग करने पर सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के सचिव को गिरफ्तार किया गया है। सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी जीआईपीई की मूल संस्था है। सचिव पर आरोप है कि उन्होंने जीआईपीई से जमीन खरीदने के लिए मिले फंड का गलत इस्तेमाल किया। संस्थान के डिप्टी रजिस्ट्रार विशाल गायकवाड़ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने सचिव मिलिंद देशमुख के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक आरोपी सचिव देशमुख ने 2022-23 में जीआईपीई से मिले 1.50 करोड़ रुपये के फंड को सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (एसआईएस) के लिए जमीन खरीदने के लिए डायवर्ट किया था। देशमुख के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 और 34 के तहत आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि एसआईएस सचिव के रूप में काम करते हुए देशमुख ने दिसंबर 2022 में गोखले संस्थान को अपने हस्ताक्षर से एक पत्र भेजा। इसमें उन्होंने नागपुर में एसआईएस की 1.5 करोड़ रुपये की कीमत की जमीन को फ्री होल्ड करने की मांग की। सचिव ने बिना अनुमति मांगे गोखले संस्थान की मुहर लगे एसआईएस के लेटरहेड का इस्तेमाल किया। मांग पत्र मिलने पर गोखले संस्थान के प्रबंधन बोर्ड ने 14 दिसंबर 2022 को तुरंत जमीन फ्री होल्ड करने मंजूरी दे दी। फरवरी 2023 में जीआईपीई ने सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी को नागपुर में जमीन के लिए 1.50 करोड़ रुपये का भुगतान करने की सूचना दी।

इसके बाद देशमुख और उसके सहयोगियों ने धन में हेरफेर की। महज 1.02 करोड़ रुपये नागपुर जिला कलेक्टर के खाते में भेजे गए, जबकि शेष 40 लाख रुपये चेक के जरिए सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के खाते में भेजे गए। 40 लाख रुपये का इस्तेमाल पुराने दस्तावेज प्राप्त करने, स्टांप ड्यूटी, दस्तावेजीकरण, ठेकेदार शुल्क, प्रशासनिक व्यय और अन्य खर्चों के लिए किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इन खर्चों को देखते हुए लगता है कि उक्त राशि का दुरुपयोग आरोपी ने अपने फायदे के लिए किया।

**कुलाधिपति को किया गया बहाल**

जीआईपीई पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। इसके कुलाधिपति और ईएसी-पीएम सदस्य संजीव सान्याल को एसआईएस ने संस्थान के गिरते शैक्षणिक मानकों और नैक मान्यता प्रक्रिया में 'बी' ग्रेड के कारण हटा दिया गया था। फिर शनिवार को उन्हें बहाल कर दिया गया। सान्याल ने एसआईएस अध्यक्ष दामोदर साहू को लिखे एक पत्र में पिछले कुछ वर्षों में जीआईपीई में वित्तीय अनियमितता के विवादों और आरोपों की ओर इशारा किया था।

## मुंबई : बीजेपी नेता किरीट सोमैया को धमकी; FIR दर्ज...



**मुंबई :** महाराष्ट्र में बीजेपी नेता किरीट सोमैया को खुलेआम धमकी मिली है। ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन ने उन्हें यह धमकी दी है। किरीट सोमैया ने इसके खिलाफ पुलिस में ऋक्रदर्ज करवाई है। किरीट का कहना है कि ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन ने वीडियो पोस्ट करते हुए उन्हें धमकी दी है। तो आइए जानते हैं आखिर पूरा माजरा क्या है?

**धमकी देने वाला शख्स कौन?**

बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया को धमकाने वाले शख्स का नाम युसुफ उमर अंसारी है, जो हजरत ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन का सचिव है। युसुफ अंसारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि 8 अप्रैल को मैं खुद इसके घर पर जाऊंगा। इसका पता निकालकर मुझे दीजिए। यह जहां भी रहता है हम खुद वहां जाएंगे और घर के सामने धरना, मोर्चा, प्रदर्शन करेंगे। इसके कॉलर पकड़कर बाहर निकालेंगे। युसुफ अंसारी ने वीडियो में कहा कि सभी मुसलमानों से मेरी गुजारिश है कि किसी भी मस्जिद के पास पुलिस आती है लाउडस्पीकर निकालें या आवाज कम करने के लिए कहे तो यह मेरा फोन नंबर है। सीधा मुझसे संपर्क करो। कोई आकर कुछ भी बोलेगा और हम उसको फॉलो करेंगे? यह हिन्दुस्तान, बंबई और महाराष्ट्र है, जो बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान से चलेगा। बीजेपी की तानाशाह हुकूमत से नहीं चलेगा।

## मुंबई में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साइबर लैब का किया उद्घाटन



**मुंबई:** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'मैंने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए तीन उच्च सुसज्जित साइबर लैब का उद्घाटन किया। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए फोरेंसिक वैन, विशेष वैन और सड़कों पर ओवरस्पीडिंग को रोकने के लिए इंटरसेप्टर वैन भी तैयार की गई हैं। मुंबई पुलिस ने हर पुलिस स्टेशन में महिला सहायता कक्ष स्थापित किया है, जिससे महिलाओं को काफी मदद मिलेगी।'

# मुंबई के डब्बावाले छह दिन की छुट्टी पर



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई में डब्बावालों की टाइम मैनेजमेंट के तौर पर खास पहचान है. मुंबई के डब्बावालों ने कई सालों से अपनी यह पहचान कायम रखी है. खास बात यह है कि मुंबई के डब्बावालों के काम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है. अपने समय की सही योजना बनाकर मुंबई के डब्बावाले समय पर अपना डब्बा पहुंचाकर मुंबई में रहनी वाले वर्किंग लोगों की भूख मिटाते हैं. ब्रिटिश राजघराने के राजा चार्ल्स प्रिंस भी उनके काम से प्रभावित हुए थे. 2003 में राजा चार्ल्स प्रिंस भारत आए थे. उस समय उन्होंने मुंबई के डब्बावालों से मुलाकात की थी और उनके काम की सराहना की थी. अब मुंबई के डब्बावाले छह दिन की छुट्टी पर जा रहे हैं. इसकी वजह से मुंबई की वर्किंग क्लास को अगले छह दिन तक घर का डब्बा नहीं मिलेगा. फिलहाल मुंबई में 1200 से 1500 डब्बावाले ही काम कर रहे हैं.

समयबद्ध तरीके से काम : बता दें कि डब्बावाले बहुत ही अनुशासित और समयबद्ध तरीके से काम करते हैं, मुंबई के कर्मचारियों के घरों से डब्बावाला लेकर आते हैं. समय पर दफ्तरों तक खाना पहुंचाते हैं और फिर उन्हें दोबारा लेकर उनके घरों तक पहुंचाते हैं. भले ही डब्बावालों को कम वेतन मिलता हो, लेकिन वे अपनी ड्यूटी पूरी लगन से निभाते नजर आते हैं.

अब चूंकि मुंबई के डब्बावाले अगले छह दिनों तक छुट्टी पर रहेंगे, इसलिए वर्किंग क्लास को उनके घर डब्बावाले नहीं पहुंचेंगे. जानकारी के मुताबिक 9 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच मुंबई के डब्बावाले छुट्टी पर रहेंगे. इन छह दिनों में रविवार की छुट्टी भी शामिल है. इसके अलावा महावीर जयंती, हनुमान जयंती और बाबासाहेब अंबेडकर जयंती जैसी छुट्टियां भी हैं.

15 अप्रैल काम पर लौटेंगे : इस संबंध में मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तालेकर ने 'ईटीवी भारत' से बात करते हुए कहा कि मंगलवार 15 अप्रैल से सभी डब्बावाले अपने काम पर लौट आएंगे. मुंबई में काम करने वाले 95 से 99 प्रतिशत डब्बावाले पुणे जिले से हैं. अब चैत्र पूर्णिमा यात्रा 9 अप्रैल से शुरू हो रही है.

नहीं कटना चाहिए वेतन : सुभाष तालेकर ने कहा कि इस यात्रा के लिए मुंबई के डब्बावाले अपने पैतृक गांव जाएंगे और इस चैत्र पूर्णिमा यात्रा के उत्सव में भाग लेंगे. वे यात्रा का जश्न मनाएंगे. इसलिए, मुंबई के डब्बावाले छह दिन की छुट्टी पर जाएंगे.लेकिन इन छह दिनों के दौरान, ग्राहकों को डब्बावालों का वेतन नहीं काटना चाहिए. उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज की परीक्षाएँ समाप्त होने के कारण कई जगहों पर गर्मी की छुट्टियां पड़ गई हैं. कई सरकारी कर्मचारी गर्मी की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर चले गए हैं, लेकिन हम कर्मचारियों को हुई असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं क्योंकि वे इन छह दिनों के दौरान घर पर अपने डब्बा नहीं पा सकेंगे

डब्बावाला की संख्या हुई कम : कोरोना और लॉकडाउन से पहले मुंबई में 5000 से अधिक डब्बावाले काम करते थे. हालांकि, लॉकडाउन और कोरोना के बाद रोजगार कम होने के कारण कई डब्बावाले अपने मूल गांवों में वापस चले गए हैं.

# मुंबई : एनएसई मुख्यालय के लिए बीकेसी में प्लॉट आवंटित

**मुंबई** : शहर के वाणिज्यिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के जी-ब्लॉक में प्लॉट नंबर सी-82 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) को मुख्यालय के रूप में एक नए प्रशासनिक भवन के विकास के लिए आवंटित किया है. 2002 में, एनएसई मुख्यालय को वर्ली में महिंद्रा टावर्स से बीकेसी में स्थानांतरित कर दिया गया था. स्टॉक एक्सचेंज का नया मुख्यालय, जो बीकेसी में बनाया जाएगा, मौजूदा कार्यालय से लगभग 1,500-2,000 मीटर दूर स्थित होगा.

एमएमआरडीए के अनुसार, एनएसई को भूखंड के आवंटन की मंजूरी इसके भूमि निपटान विनियमन, 1977 के विनियमन संख्या 16 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुरूप है. इस प्रस्ताव को हाल ही में संपन्न एमएमआरडीए की 159वीं बैठक के दौरान मंजूरी दी गई. एनएसई के 11 अक्टूबर, 2024 के अनुरोध के जवाब में, लगभग 4 से 5 लाख वर्ग फीट के निर्मित क्षेत्र की क्षमता वाले अतिरिक्त भूखंड के लिए, एमएमआरडीए ने स्थान आवंटित करते समय वित्तीय संस्थान के महत्व पर विचार किया. 1993 में, एमएमआरडीए ने एमएमआरडीए के भूमि निपटान विनियम, 1977 के कुछ प्रावधानों को शिथिल करके बीकेसी में एक्सचेंज प्लाजा में एनएसई के मुख्यालय के लिए 'जी' ब्लॉक में प्लॉट नंबर सी-1 आवंटित किया था. यह भूखंड 16,038.3 वर्ग मीटर में फैला हुआ था, जिसका निर्मित क्षेत्र 31,044.05 वर्ग मीटर था.

नए भवन के लिए आवंटित भूखंड में 4.00 फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) सीमा से परे अतिरिक्त



निर्मित क्षेत्र को समायोजित करने की क्षमता है. महाराष्ट्र सरकार की 19 जुलाई, 2024 की अधिसूचना के अनुसार, एनएसई एमएमआरडीए को अपेक्षित प्रीमियम का भुगतान करके अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र का लाभ उठा सकता है.

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जो शहरी विकास मंत्री और एमएमआरडीए के अध्यक्ष भी हैं, ने प्राधिकरण से कार्योत्तर अनुमोदन के अधीन प्लॉट संख्या सी-82 के आवंटन के लिए एमएमआरडीए आयुक्त के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इस अनुमोदन के बाद, एमएमआरडीए ने 7 मार्च को एनएसई को एक आधिकारिक प्रस्ताव पत्र जारी किया. इसके बाद, इस अतिरिक्त स्थान के आवंटन से एनएसई की परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी और बीकेसी के वाणिज्यिक विकास में योगदान मिलेगा.

इस विकास पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''यह निर्णय वित्तीय विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र की प्रतिबद्धता को दशार्ता है. एनएसई को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपने पदचिह्न का विस्तार करने में सक्षम बनाकर, हम भारत की वित्तीय राजधानी के रूप में मुंबई की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं और प्रमुख संस्थानों के लिए अनुकूल व्यावसायिक वातावरण सुनिश्चित कर रहे हैं.'' शिंदे ने कहा कि एनएसई को प्लॉट सी-82 का आवंटन बीकेसी को एक प्रमुख वित्तीय केंद्र के रूप में मजबूत करने के एमएमआरडीए के प्रयासों का हिस्सा है. उन्होंने कहा, ''इस कदम से वाणिज्यिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, एनएसई के विस्तार को समर्थन मिलेगा और मुंबई के आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा. '' एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने कहा कि प्राधिकरण मुंबई के वाणिज्यिक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.

उन्होंने कहा, ''एनएसई को प्लॉट सी-82 का आवंटन एक्सचेंज के विस्तार में मदद करेगा और बीकेसी को एक शीर्ष व्यावसायिक जिले के रूप में मजबूत करेगा.'' बीकेसी में मौजूदा एनएसई मुख्यालय को इसके डेटा सेंटर में परिवर्तित किया जाएगा. जिस प्लॉट पर नया मुख्यालय बनेगा, वह मौजूदा कार्यालय के करीब है. बताया गया है कि वर्तमान में, अपने मुख्यालय के अलावा, एनएसई बीकेसी में अदानी इंस्पायर टॉवर में पट्टे पर दिए गए एक अन्य कार्यालय के साथ-साथ घाटकोपर में एक वाणिज्यिक परिसर से भी काम करता है. नया मुख्यालय बनने के बाद, एनएसई के सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाएंगे. स्टॉक एक्सचेंज के अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और कोलकाता में भी शाखा कार्यालय हैं. इसकी वेबसाइट के अनुसार, ''एनएसई की स्थापना 1992 में हुई थी.

## भाजपा नेता के कार्यालय में तोड़फोड़



**अंबरनाथ** : महाराष्ट्र में ठाणे जिले के अंबरनाथ (पूर्व) इलाके में शनिवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व पार्षद राजू महादिक के कार्यालय में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की। इस दौरान लोगों के समूह ने एक व्यक्ति पर हमला भी किया। पुलिस के अनुसार, आशुतोष कराले उर्फ डाक्या (23) और गनी रफीक शेख (25) के नेतृत्व में 10 से 12 लोगों का एक समूह कथित तौर पर रात करीब 10.40 बजे तलवारें लहराते हुए जबरन कार्यालय में घुस गया। उन्होंने कार्यालय में तोड़फोड़ की और वहां काम करने वाले कृष्ण गुप्ता (22) पर हमला किया।

## मालेगांव धमाका : सुनवाई करने वाले न्यायाधीश का तबादला




**मालेगांव** : मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई कर रही विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश जस्टिस एके लाहोटी का नासिक तबादला कर दिया गया है। उम्मीद थी कि जस्टिस लाहोटी जल्द ही इस मामले में फैसला सुरक्षित रखने वाले थे। पीड़ितों का कहना है कि जस्टिस लाहोटी के तबादले से न्याय में देरी होने की आशंका है। पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता शाहिद नदीम ने कहा, हम हाईकोर्ट में आवेदन दायर करने पर विचार कर रहे हैं। हमने पहले मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें निर्णय पारित होने तक उनके (न्यायाधीश के) कार्यकाल को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था।

जस्टिस लाहोटी 17 साल पुराने मामले में जारी सुनवाई के दौरान स्थानांतरित पांचवें जज हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से जारी स्थानांतरण आदेश 9 जून से लागू होगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि स्थानांतरण आदेश के तहत आने वाले न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे उन सभी मामलों में निर्णय लेकर उनका निपटारा कर दें जिनकी सुनवाई पूरी हो चुकी है। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि पिछली सुनवाई में जस्टिस लाहोटी ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष को 15 अप्रैल तक शेष दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया था। उम्मीद थी कि मामले में अगले दिन निर्णय सुरक्षित रखा जाएगा।

## मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में मुंबई पुलिस को तीन अत्याधुनिक 'निर्भया' साइबर लैब की सौगात दी

**मुंबई** : बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने और आम जनता को डिजिटल सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में मुंबई पुलिस को तीन अत्याधुनिक 'निर्भया' साइबर लैब की सौगात दी है. इन लैब्स का उद्घाटन डी.बी. मार्ग पुलिस स्टेशन परिसर, वर्ली और गोवंडी स्थित प्रादेशिक साइबर सेल परिसर में किया गया. इन लैब्स को आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है ताकि साइबर अपराधों की जांच तेज और सटीक हो सके.

'निर्भया' लैब्स में कॉल डाटा रिकॉर्ड, इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड (आईडीपीआर) लोकेशन ट्रैकिंग, इंटरनेट गतिविधियों की निगरानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं. इनका इस्तेमाल कर किसी भी संदिग्ध



नंबर या डिजिटल गतिविधि की तुरंत जांच की जा सकती है. कुछ ही मिनटों में अपराधी की लोकेशन, उसकी कॉल हिस्ट्री और इंटरनेट गतिविधियों की पूरी जानकारी हासिल की जा सकती है, जिससे उसे पकड़ना आसान हो जाएगा. यह लैब्स सिर्फ वर्तमान मामलों की नहीं, बल्कि पुराने और जटिल साइबर अपराधों की गुत्थी सुलझाने में भी अहम भूमिका निभाएंगी. यदि किसी अपराध में प्रयुक्त वाहन का नंबर धुंधला हो, तो उसकी तस्वीर को लैब के सिस्टम में डालते ही पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी. इससे कई ऐसे केस सुलझ सकेंगे, जिनमें अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पा रहा था.

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने क्या कहा?

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने यह भी घोषणा की कि मुंबई पुलिस जल्द ही एक सोशल मीडिया मॉनिटरिंग लैब और एक डेटा एनालिटिक्स लैब भी शुरू करने जा रही है. सोशल मीडिया लैब सोशल प्लेटफॉर्म्स पर चल रही गतिविधियों की निगरानी करेगी, जबकि डेटा लैब विभिन्न अपराधों के डेटा का विश्लेषण कर अपराध के रुझानों को समझने और पुलिस की रणनीति को मजबूत करने में मदद करेगी.

साइबर अपराध की बात करे तो मुंबई में एक साल में 1300 करोड़ की ठगी होती है. साइबर ठग 2024 में मुंबईकरों से 1,300 करोड रुपये ठग चुके हैं. इसके लिए अलग-अलग तरीके अपनाए गए. साइबर ठगों के निशाने पर सबसे ज्यादा बुजुर्ग नागरिक रहे हैं.

### मुंबईकरों से की गई 1300 करोड़ रुपये की ठगी

दुबई और कंबोडिया में बैठे साइबर ठग अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं. 2024 में ठगों ने मुंबईकरों के 1,200 करोड रुपये ठगे थे, इसमें में सिर्फ 150 करोड़ रुपये ही रिकवर कर पाई पुलिस 2023 में 262 करोड़ रुपये की ठगी में 1.58 करोड रुपये ही रिकवर कर पाई. 2022 में 32.35 करोड़ रुपये की ठगी दर्ज की गई थी. तीन वर्षों में कुल मिलाकर 1500 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी हो चुकी है.

## मुंबई से गोवा 6 घंटे में; जल्द ही रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास

**मुंबई:** मुंबई और गोवा के बीच दो स्टीमर से 1960 के दशक में लोगों को ले जाने की शुरूआत हुई थी। भारत के बड़े टूरिस्ट डेस्टिनेशन गोवा के लिए लेकिन नियमित तौर पर रो-रो फेरी सेवा शुरू नहीं हुई। अब महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खुद इस विषय में रुचि दिखाई है। अगर सबकुछ ठीक रहा है तो मुंबई-गोवा राजमार्ग खुलने का इंतजार करने लोगों को बड़ी सौगात मिलेगी। लोग सिर्फ 6 घंटे में ही मुंबई से गोवा पहुंच जाएंगे।

सरनाईक ने क्या कुछ कहा?

मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में केबल टैक्सी जैसे नए परिवहन के मोड पर काम कर रहे सरनाईक ने कहा है कि मुंबई से गोवा रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। सरनाईक का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन (एमएमआर) क्षेत्र में जल परिवहन की घोषणा की थी, क्योंकि इस क्षेत्र में एक ओर खाड़ी है। दूसरी ओर समुद्र है।यहां पर 15-20 जेटियों का काम भी पूरा हो चुका है। इनके निर्माण के बाद मीरा-भायंदर से वसई-विरार तक रो-रो सेवा शुरू हो चुकी है। अब सरनाईक ने कहा है कि जल्द ही मुंबई से गोवा



रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। मुंबई गोवा के बीच फास्ट कनेक्टिविटी और ट्रैवल टाइम घटाने के लिए मुंबई से गोवा के बीच राजमार्ग का निर्माण हो रहा है लेकिन इसके पूरा होने में अभी वक्त लगेगा। इसे रूट की ट्रेनें अक्सर फुल रहती हैं। इतना ही नहीं हवाई जहाज का किराया ज्यादा है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ऐसी स्थिति में यदि मुंबई-गोवा जलमार्ग को परिवहन के लिए खोला गया तो यह गेमचेंजर साबित हो सकता है। अभी मुंबई से अलीबाग तक रो-रो सेवा संचालित हो रही है। जिसमे नाव द्वारा वाहनों के परिवहन की सुविधा भी दी गई है। यह रो-रो मुंबई से अलीबाग जाने वाले लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। मुंबई गोवा के बीच रो रो फेरी चलने पर दोनों स्थानों को टूरिज्म में फायदा मिल सकता है। सरकार रो रो फेरी सेवा को हरी झंडी देने से पहले सुरक्षा मानकों पर खुद को संतुष्ट कर लेना चाहती है।

एम2एम फेरीज ने मुंबई से अलीबाग तक की यात्रा को काफी आसान बना दिया है। एक घंटे के भीतर आप महाराष्ट्र के मिनी गोवा पहुंच सकते हैं। लेकिन अब फेरी गोवा तक दौड़ाने की तैयारी हो रही है। एम2एम फेरीज द्वारा नए अधिग्रहीत रोपैक्स पोत पर मुंबई-गोवा रो-रो सेवा शुरू करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि शुरूआती ट्रायल में मुंबई-गोवा की यात्रा 6.5 घंटे में पूरी की गई। अगर मंजूरी मिल जाती है तो फेरी सेवा मझगांव डॉक से पणजी जेटी डॉक तक चलेगी। अनुमति के लिए गोवा सरकार से बातचीत चल रही है।



## माणिकराव कोकाटे ने किसानों से मजाक में बात करने के लिए माफी मांगी

**मुंबई :** कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, जो अपने विवादास्पद बयान के कारण मुसीबत में फंसे थे कि किसान कर्जमाफी का लाभ उठाकर शादी और सगाई कर रहे हैं, ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने इस मुद्दे को दबाने की कोशिश की तथा मजाक में दिए गए उनके बयान से यदि किसानों की भावनाएं आहत हुई हों तो इसके लिए माफी मांगी।

## कुडाल-मालवण में महावितरण के 80 लाख रुपए के कार्यों को मंजूरी

**मुंबई :** नीलेश राणे के माध्यम से कुडाल और मालवण तालुका में ट्रांसफार्मर, लाइन शिफ्टिंग और थ्री-फेज लाइन सहित कुल 11 कार्यों के लिए 80 लाख रुपये की प्रशासकीय मंजूरी दी गई है। जिला वार्षिक योजना के अंतर्गत। राणे ने यह धनराशि उपलब्ध कराई है तथा महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित कार्यों को मंजूरी दी है।

## अघोरी पूजा कर नाबालिग लड़की पर अत्याचार

**संगरूल (ताल. करवीर)** से भोंदूबाबा राजू उर्फ राजाराम भीकाजी तावड़े (उम्र 48) सहित तीन लोगों को एक नाबालिग लड़की को नौकरी का लालच देकर जादू-टोना और मंत्र पढ़कर उसका शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस अत्याचार में सहयोग करने वाली सुप्रिया हिम्मत पोवार (निवासी सातवे, ताल. पन्हाला) और मनोज सावंत (निवासी भदोले, ताल. हातकणंगले) के खिलाफ कोडोली पुलिस में 'पोक्सो' अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अंडे, दूध, मांस, कॉफी और महंगे...

**मुंबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ का असर अब आम आदमी तक पहुंच गया है। आयात शुल्क से संयुक्त राज्य अमेरिका में खाद्य, फैशन, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य उत्पाद भी महंगे हो जाने की आशंका है। नए आयात शुल्क के कारण दूध, अंडे, मांस और कॉफी जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। ट्रम्प की नीति की अमेरिका सहित दुनिया भर के कई देशों में निंदा की जा रही है, क्योंकि स्कूली बच्चों के लिए खिलौने और स्कूल यूनिफॉर्म महंगी हो रही हैं।

## कोल्हापुर गमार्या, पारा 39: विदर्भ 43 डिग्री

**कोल्हापुर :** नागपुर, सांगली और कोल्हापुर समेत राज्य के कई हिस्सों में रविवार को तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोल्हापुर में दोपहर करीब तीन बजे तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। विदर्भ में सबसे अधिक 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## वाई में तहसीलदार द्वारा रेत खनन पर प्रतिबंध

**वाई :** तहसीलदार ने वाई तालुका में रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इससे आश्रय लाभार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इससे लाभार्थियों में रोष है और उन्होंने चेतावनी दी है कि इस निर्णय को वापस लिया जाए और घरों तक रेत की निशुल्क आपूर्ति की जाए, अन्यथा वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## बंद नहीं हो रहा काशेडी सुरंग में पानी का रिसाव


**मुंबई :** मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर काशेडी स्थित दोनों सुरंगों से पानी का रिसाव बंद नहीं किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के इंजीनियरों के सामने चुनौती इस रिसाव को रोकना है। विभाग को विश्वास है कि वह अगले दो महीनों के भीतर इस रिसाव को रोक लेगा। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद लीकेज बंद नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

## पुणे: रामनवमी पर शोभा यात्रा में आग उगलने का स्टंट के दौरान युवक का चेहरा जला

**पुणे:** पुणे के पास तलेगांव दाभाड़े कस्बे में रविवार को राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान एक 20 वर्षीय युवक का चेहरा जल गया। दरअसल, युवक शोभायात्रा में मल्लखंब प्रदर्शन के दौरान आग उगलने का स्टंट कर रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी।

घटना शाम के समय राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई, जब युवक ने आग उगलने का स्टंट किया और उसका चेहरा जल गया। एक वायरल वीडियो में युवक के चेहरे पर आग लगते हुए दिखाया गया है। तलेगांव दाभाड़े थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'उसे चेहरे पर चोटें आई हैं और वह अभी अस्पताल में इलाज करा रहा है।'


## बांद्रा वर्ली सी लिंक पर डिवाइडर से टकराने के बाद व्यक्ति के खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने का मामला दर्ज



**मुंबई :** वर्ली पुलिस ने करीब 1.43 बजे बांद्रा वर्ली सी लिंक पर डिवाइडर से टकराने के बाद 30 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ नशे में और खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है। घाटकोपर निवासी हेतुल रामजियानी और उनके दो दोस्त, पार्थ लिंबानी, 32, और नरेशकुमार पोकर, 47, - दोनों कच्छ, गुजरात से - हाजी अली से लौट रहे थे, जब यह घटना उत्तर की ओर जाने वाली रोड नंबर 7 पर हुई। तीनों को मामूली चोटें आईं।

लिंबानी और पोकर का इलाज कांदिवली पश्चिम के पारस नर्सिंग होम में किया गया। पुलिस ने पाया कि गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ी हुई थी और शराब की तेज गंध के कारण संदेह था कि रामजियानी नशे में था। जेजे अस्पताल में मेडिकल जांच में पुष्टि हुई कि वह नशे में था। उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 (नशे में गाड़ी चलाना) और 184 (खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना) और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमने आरोपी को नोटिस जारी किया है, क्योंकि धाराएं जमानती हैं। उसके खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं है।''

## कोंकण क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट...



**मुंबई :** IMD की जिलावार मौसम रिपोर्ट के अनुसार, कोंकण क्षेत्र के लिए 'गर्म और आर्द्र' स्थितियों के लिए येलो अलर्ट दिया गया है, जिसमें मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ और रत्नागिरी जिले शामिल हैं। मुंबई और उसके पड़ोसी शहर पिछले सप्ताह अत्यधिक नमी और बेमौसम बूंदाबांदी की चपेट में रहे। इस चरम मौसम का कारण चक्रवाती लहरें थीं और आसमान में बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया था। मुंबई की सांताक्रूज वेधशाला ने न्यूनतम 24 डिग्री और अधिकतम 33.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया।

## मुंबई : ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से 42 वर्षीय एक पैदल यात्री की मौत




**मुंबई :** कांजुरगांव बस स्टॉप के पास ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से 42 वर्षीय एक पैदल यात्री की मौत हो गई। मृतक नूर मोहम्मद सरतुल्लाह उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर का निवासी है। विक्रोली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टक्कर मारने वाला वाहन कौन था, यह अभी पता नहीं चल पाया है, क्योंकि आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस को घटना की सूचना रात करीब 12.05 बजे मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बीचों-बीच एक व्यक्ति मुंह के बल लेटा हुआ था, जिसके सिर पर गंभीर चोट थी। घायल व्यक्ति को घाटकोपर ईस्ट के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी जांच की गई और उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को उसके पास से एक बैग मिला, जिसमें उसका आधार और पैन कार्ड था, जिसके जरिए उसकी पहचान की पुष्टि की गई। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि किस वाहन ने पैदल यात्री को टक्कर मारी और चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वे मृतक के बारे में और जानकारी भी जुटा रहे हैं। जांच के तहत इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।


## मुंबईः नवजात शिशुओं की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में गिरफ्तार



**मुंबईः** महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले में पुलिस ने एक 23 वर्षीय युवक को नवजात शिशुओं की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तुषार प्रकाश साळवे, निवासी बदलापुर, के रूप में हुई है। यह कार्रवाई शुक्रवार को दर्ज एक शिकायत के आधार पर की गई, जिसे एक क्षेत्रीय वन अधिकारी ने दर्ज कराया था।

पुलिस जांच में आरोपी के मोबाइल फोन से व्हाट्सऐप संदेशों और लेनदेन संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुए, जिनसे पता चला कि वह नवजात शिशुओं की तस्करी में संलिप्त था। आरोपी ऑनलाइन माध्यमों से यह अवैध कार्य कर रहा था। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो मानव तस्करी से संबंधित है। इसके साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराएं भी लगाई गई हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी के संपर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे, कितने बच्चों की खरीद-फरोख्त हुई, और वे बच्चे कहां से लाए गए थे। मामले की जांच जारी है।


## नालासोपारा पश्चिम में एक रिक्शा चालक ने एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर किया हमला... गिरफ्तार




**नालासोपारा :** नालासोपारा पश्चिम में एक रिक्शा चालक ने एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला किया और उसकी सरकारी ई-चालान मशीन छीन ली। आरोपी चालक की पहचान शावेश अंसारी के रूप में हुई है, जिसे नालासोपारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विरार ट्रैफिक शाखा से जुड़े पुलिस कांस्टेबल सागर विष्णु एकसिंगे (45) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, यह घटना नालासोपारा पश्चिम में रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के पास शाम करीब 6 बजे हुई। कांस्टेबल ट्रैफिक जाम को संभालने के लिए ड्यूटी पर था, जब उसने देखा कि अंसारी सड़क पर अपना रिक्शा पार्क करके अवैध रूप से यात्रियों को उठा रहा था।

जब कांस्टेबल एकसिंगे ने अंसारी से अपना वाहन हटाने के लिए कहा, तो रिक्शा चालक कथित रूप से क्रोधित हो गया। अंसारी ने कथित तौर पर पुलिसकर्मी के पास आक्रामक तरीके से जाकर उसे धक्का दिया, उसके साथ गाली-गलौज की और उसके हाथ से सरकारी ई-चालान मशीन छीन ली। इसके बाद वह अपने रिक्शा में बैठकर मौके से भाग गया। स्थान पर मौजूद अन्य रिक्शा चालकों ने अंसारी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा।

## कामरा ने पुलिस से काटी कन्नी, बंबई हाई कोर्ट में दायर की याचिका



**मुंबई:** 'स्टैंड-अप कॉमेडियन' कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर शहर पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी को रद्द किए जाने का अनुरोध करते हुए बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कामरा के वकील नवरोज सीरवई ने सोमवार को न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति एस एम मोडक की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया।

# 12वीं के स्टूडेंट को ब्लैकमेल कर 4 घंटे तक पीटा, 5 लाख रुपए मांगे

**सांचौर**



जालोर में 12वीं के स्टूडेंट को धमकी देकर 5 लाख रुपए मांगने और 4 घंटे तक कंटीली झाड़ियों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक परीक्षा देकर घर लौट रहा था। मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। मामला सांचौर के सांकड़ क्षेत्र का 5 अप्रैल का है। सांचौर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरनाऊ निवासी 18 वर्षीय पीड़ित युवक के पिता ने मामले में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया -मेरा बेटा 12वीं का स्टूडेंट है। वह शनिवार 5 अप्रैल को सांकड़ के पीएम श्री राजकीय माध्यमिक स्कूल में परीक्षा देने गया था। उसके साथ एक लड़का और भी था। परीक्षा देकर दोनों वापस लौट रहे थे। सरनाऊ गांव के पास पहुंचने पर गांव के ही दो युवक घमलेश बिश्नोई (24) और महेन्द्र गोदारा (21) मेरे बेटे के पास आए। दोनों ने रास्ता रोककर कहा कि हमारे साथ बाइक पर बैठ। मेरे बेटे ने मना किया तो आरोपी घमलेश ने जेब से चाकू निकाला और उसे डराया। मेरा बेटा डरकर बाइक पर बैठ गया। आरोपी मेरे बेटे को सेडिया की तरफ सूजी नाडी नामक जगह पर लेकर गए। आरोपी घमलेश ने अपना फोन निकाल कर स्क्रीन शॉट दिखाते हुए कहा कि तू किसी लड़की से बात करता है। उसका डेटा मेरे पास है। अगर 5 लाख रुपए नहीं दिए तो तुझे जान से मार देंगे। पिता ने बताया-आरोपियों ने मेरे बेटे के साथ चार घंटे तक बेरहमी से मारपीट की। कंटीली झाड़ियों से मेरे बेटे की पीठ पर मारा, जिससे उसकी पीठ पर घाव हो गए और खून निकलने लग गए। मेरे बेटे ने आरोपियों को कई बार कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है। तब आरोपियों ने कहा कि घर से या कहीं ओर से पैसे ला, नहीं तो तेरी जिंदगी खत्म कर देंगे। मेरे बेटे ने घमलेश के पांव पड़कर उसे छोड़ने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। घमलेश ने आरोपी महेंद्र के साथ उसके बेटे को पैसे लेने के लिए घर भेजा। महेंद्र मेरे घर से थोड़ी दूर रुक गया और मेरे बेटे को पैसे मांगने भेजे। मेरा बेटा डर के मारे घर ना आकर मेरे पड़ोसी दोस्त के घर चला गया और उससे 5 लाख रुपए मांगे। जब मेरे दोस्त ने पैसे मांगने का कारण पूछा तो पूरी घटना बताई। जिसके बाद मेरे दोस्त ने मुझे घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया-जानकारी मिलने पर मैं तुरंत उनके पास पहुंचा। हम तीनों घर से महेंद्र को पकड़ने के लिए रवाना हुए। हमारे घर से कुछ दूरी पहले रुके महेंद्र को हमने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर महेंद्र को पकड़ लिया और बाद में घमलेश को भी पकड़ लिया। वहीं, पीड़ित के पिता का ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। उनके पास 4-5 गाड़ियां है, जिसे वह किराए पर चलाते हैं।

# बुजुर्ग महिला से लूट का आरोपी गिरफ्तार, घर में घुसकर सोने की चैन और कैश लेकर भागा था


**जालोर**




जालोर में सायला के पोषाणा(सियावट) में 2 अप्रैल को एक बुजुर्ग महिला से लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर में घुसकर महिला के गले में पहनी डेढ तौले की चैन और 15 हजार रुपए की लूट की थी। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की और करीब 80 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की। इसके बाद शनिवार की देर शाम एक आरोपी को दस्तयाब करने के बाद गिरफ्तार किया। सायला थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह ने बताया- सायला थाना क्षेत्र के सियावट निवासी पीड़िता चुन्नी देवी(90) पत्नी प्रभु सिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया कि पति की करीब 8 साल पहले मौत हो चुकी है। चार बेटे है, लेकिन चारों व्यापार के कारण प्रदेश के अन्य हिस्सों में रहते है। वह घर में अकेली रहती हैं। 2 अप्रैल की रात को भी वह घर पर अकेली थी। खाना खाकर करीब 10 से 11 बजे के आसपास घर के आंगन में सो गई। इस दौरान एक अज्ञात युवक दीवार कूद कर घर में आया। और हमला कर गले में पहनी डेढ तौले सोने की चैन तोड़ ली। इसके बाद 15 हजार रुपए भी ले लिए। मारपीट कर महिला का गला दबाने का प्रयास भी किया। चीख- पुकार सुनकर पड़ोसी हरसन और जिताराम देवासी आए और पुलिस को सूचना दी। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर दूसरे दिन एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस ने करीब 80 कैमरे खंगालकर आरोपी की तलाश की। जिसके बाद पोषाणा निवासी हरसनराम पुत्र दलाराम मेघवाल को 5 अप्रैल की देर शाम को दस्तयाब किया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में सायला थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह तांडी, एएसआई राजाराम, हैड कॉन्स्टेबल भुराराम, कॉन्स्टेबल घमूराम, अर्जुन कुमार, जगताराम, लक्ष्मणराम व पहाड़ सिंह रहे।

# बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में आग लगी, उज्जैन के पास रोकी गई ट्रेन

**उज्जैन**



उज्जैन के पास तराना में रविवार शाम को बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (20846) ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर (जनरेटर डिब्बे) में लगी। धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग कोच के कांच फोड़ कर और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि कुछ देर बाद आग वाले कोच को अलग कर गाड़ी को रवाना कर दिया गया। तराना रोड स्टेशन मास्टर ने बताया कि आग बुझा ली गई है। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण मुकेश रावल ने बताया कि ट्रेन में आग उस समय लगी जब वो काली सिंध नदी के ब्रिज पर थी। इस दौरान रेलवे के कर्मचारियों के साथ मिलकर पावर कोच में लगी आग को बुझाने के लिए पानी और अन्य साधनों से प्रयास किए। रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि ट्रेन बीकानेर से चलकर बिलासपुर जा रही थी। शाम करीब 5.30 बजे तराना रोड स्टेशन से पहले ट्रेन के पावर कोच में आग लगी। ट्रेन को तराना स्टेशन पर रोक दिया गया था। आग पर काबू पाने के बाद उज्जैन रेलवे स्टेशन से पावर कोच मंगाया गया। इसके बाद शाम 6.32 बजे ट्रेन को भोपाल के लिए रवाना किया गया। रेलवे ने कहा- दूसरी कोई ट्रेन प्रभावित नहीं हुई।

# पेड़ से टकराकर पलटी कार, 2 भाइयों समेत 3 की मौत

**सरदारशहर**



चूरू में शादी के लिए पटाखे लेने जा रहे युवकों की कार पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 2 भाइयों समेत 3 की मौत हो गई, जबकि 1 युवक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी की छत के परखच्चे उड़ गए। मरने वाले एक युवक के चचेरे भाई की शाम को बारात निकलने वाली थी। घायल को सरदारशहर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बीकानेर रेफर कर दिया। हादसा भानीपुरा थाना इलाके में रविवार दोपहर 12.30 बजे हुआ। एएसआई राजेंद्र जाट ने बताया- मनोज चौधरी (23) निवासी खेजड़ा दिखनादा (सरदार शहर) के चचेरे भाई-बहन की शादी थी। पिछली रात को चचेरी बहन के फेरे हुए थे और रविवार शाम को चचेरे भाई की बारात निकलने वाली थी। बारात निकलने से पहले मनोज चौधरी अपने मामा के बेटे संदीप (30) निवासी बांगासर, रावतसर (हनुमानगढ़), मनोज जाट (22) और खेजड़ा निवासी अपने दोस्त पवन स्वामी (22) के साथ सरदारशहर पटाखे खरीदने के लिए कार से निकला था। एएसआई ने बताया- गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर खेजड़ा और आसपालसर के बीच एक घुमाव में इनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार पहले पेड़ से टकराई, फिर पलटी खा गई। हादसे में मनोज चौधरी और संदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज जाट और पवन घायल हो गए। राजेंद्र जाट ने बताया- हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर सरदारशहर उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बीकानेर रेफर कर दिया गया। बीकानेर में इलाज के दौरान पवन ने भी दम तोड़ दिया। एएसआई ने बताया- मनोज और संदीप के शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मनोज और संदीप के परिवार में माता-पिता के अलावा एक-एक भाई भी है। दोनों के परिवार खेती का काम करते हैं। मनोज और संदीप की शादी अभी नहीं हुई थी। मनोज चौधरी सीकर में और संदीप हनुमानगढ़ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। पवन सूरत में कपड़े की दुकान पर काम करता था। पवन के घर में माता-पिता के अलावा दो भाई और है। पवन सबसे छोटा था। परिवार खेती-बाड़ी करता है।

# बागरा में ट्रेन की चपेट में आने से युवक मौत

**जालोर**

बागरा में रेल की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जालोर के राजकीय मॉर्च्युरी में रखवाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के आने के बाद शव पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। बागरा पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक पुनमाराम ने बताया की रविवार शाम को चूरू जिले के बिंदासर निवासी सीताराम पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत घर से बिना बताये निकलकर बागरा रेल्वे ब्रिज के नीचे पहुंचा। वहां से गुजर रही ट्रेन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। वह सिरोही में मजदूरी करता था और मकान किराए पर लेकर रहता था। घटना की सूचना पाकर बागरा पुलिस व जालोर जीआरपी थाने के कॉन्स्टेबल श्रीराम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

# मिट्टी में दबने से 2 भाइयों की मौत, घर से 300 मीटर दूर हुआ हादसा

**जालोर**



जालोर के बागरा में रविवार को मिट्टी में धंसने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों मिट्टी के दोहन के बाद बने गड्ढे में खेल रहे थे, लेकिन ऊपर से अचानक मिट्टी धंस गई, जिसमें दोनों मासूम दब गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से मिट्टी हटाकर दोनों को बाहर निकाला। परिजन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर ली है। घटना जिले के बागरा थाना क्षेत्र में आकोली बस स्टैंड के पास दोपहर करीब 1 बजे हुई। बागरा थानाधिकारी मोहनलाल गर्ग ने बताया- आकोली निवासी अनिल(11) पुत्र भावेश कुमार भील और श्रवण(12) पुत्र रमेश भील सहित एक अन्य बालक घर से करीब 300 मीटर दूर एक सूखे तालाब के भराव क्षेत्र में खेल रहे थे। लेकिन भराव क्षेत्र सूखा होने के कारण वहां ग्रेवल के लिए मिट्टी का दोहन करने से गहरे गड्ढे हो गए। दोपहर करीब 1 बजे तीनों मासूम खेल रहे थे, तब ही दो बच्चों के ऊपर मिट्टी की बड़ी चट्टान समेत मिट्टी आ गिरी। इससे चचेरे भाई अनिल और श्रवण मिट्टी में दब गए। हालांकि एक बालक दूर रह गया, जिसने दौड़कर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मिट्टी हटाई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बालकों को बाहर निकाला और सियाणा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। ग्रामीणों के अनुसार, तालाब के भराव क्षेत्र में ग्रेवल के लिए मिट्टी का लगातार अवैध दोहन किया जा रहा है, जिससे वहां कई फीट गहरे गड्ढे बन गए है। मासूम बच्चे जब भराव क्षेत्र की गहराई में खेलते है, तो उन पर ऊपर से मिट्टी के धंसने की संभावना बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध दोहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार, अनिल कुमार कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में कक्षा 4 में पढ़ता था। पिता दिव्यांग है और मां मजदूरी करती है। वहीं श्रवण आकोली के राजकीय स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ता था। उसके पिता मजदूर है। दोनों चचेरे भाई थे।

# मोदी ने रामेश्वरम में पंबनब्रिज का उद्घाटन किया

## यह एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज, इंजीनियरिंग का कमाल

**रामेश्वरम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में

- **5 मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा, 2019 में पीएम मोदी ने रखी थी नींव**



मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ही नवंबर, 2019 में इसकी नींव रखी थी। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था।

इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा।

## भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

- **बोले-मेडिकल की पढ़ाई तमिल भाषा में कराएं, स्टालिन रिसीव करने नहीं पहुंचे**



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और ट्रायलैंग्वेज को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। जनसभा के दौरान उन्होंने भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी। पीएम ने कहा- मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वे डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल भाषा में कराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। आश्चर्य की बात है कि कोई नेता तमिल में सिग्नेचर नहीं करता।

## बंगाल में रामनवमी पर बीजेपी का 'शक्ति प्रदर्शन'

### भगवा हो गई ममता के राज्य की सड़कें, ड्रोन से निगरानी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में रविवार सुबह ही रामनवमी का पर्व शोभायात्राओं और जय श्री राम के नारों के साथ शुरू हो गया। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सड़कों पर उमड़ पड़े। रामनवमी पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुबह से ही सड़कों पर उत्सव का माहौल दिखाई दिया। भगवा रंग के झंडे, भक्ति संगीत और रामायण के दृश्यों को दिखाने वाली झांकियां निकाली जा रही हैं। अकेले कोलकाता में 60 से ज्यादा शोभायात्राएं आयोजित करने का कार्यक्रम है, जिसके लिए लगभग 4,000 से 5,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उप आयुक्त और संयुक्त आयुक्त रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को शोभायात्राओं के रास्तों पर सुरक्षा की निगरानी का काम



सौंपा गया है। बीजेपी की राज्य इकाई के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा, रामनवमी पर आयोजित अनेक कार्यक्रमों में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मैं राज्य सरकार से आग्रह करूंगा कि वह व्यवस्था करे ताकि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाया जा सके। समारोह को जबरन रोकने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रामनवमी का जश्न मनाया जाएगा, चाहे कुछ भी कर लो।

## देश में 'यूसीसी' की अब सख्त जरूरत

### सरकार से बोला हाई कोर्ट-कानून बनाओ


**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने संसद और राज्य विधानसभाओं से अनुरोध किया है कि वे यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर कानून बनाने की कोशिश करें। इससे भारत के संविधान की प्रस्तावना के सिद्धांतों के उद्देश्य को सही मायने में हासिल किया जा सके। जस्टिस हंचते संजीव कुमार की अध्यक्षता वाली सिंगल जज की बेंच ने एक मृतक मुस्लिम महिला शहनाज बेगम के भाई-बहनों और पति के बीच संपत्ति विवाद से जुड़ी एक दीवानी अपील पर फैसला सुनाते हुए यह सिफारिश की। कोर्ट ने कहा, देश को व्यक्तिगत कानूनों और धर्म के संबंध में यूनिफॉर्म सिविल कोड की आवश्यकता है, तभी भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उद्देश्य प्राप्त होगा। इस मामले ने व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों द्वारा शासित उत्तराधिकार कानूनों और लैंगिक न्याय पर सवाल उठाए। जस्टिस कुमार ने जोर देकर कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत समान नागरिक संहिता का अधिनियमन प्रस्तावना में निहित आदर्शों- अर्थात न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और राष्ट्रीय एकता को पूरा करेगा। कोर्ट ने कहा, देश को व्यक्तिगत कानूनों और धर्म के संबंध में यूनिफॉर्म सिविल कोड की आवश्यकता है, तभी भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उद्देश्य प्राप्त होगा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि भारत भर में महिलाएं संविधान के तहत समान नागरिक हैं।



## अब ईसाइयों की जमीन पर है आरएसएस की नजर

### वक्फ बिल पास होने के बाद राहुल गांधी का गंभीर आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नजर वक्फ के बाद अब ईसाई समुदाय की भूमि पर पड़ गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान रूपी ढाल से ही सबकी रक्षा की जा सकती है। राहुल गांधी में संघ समर्थक पत्रिका ऑर्गनाइजर के एक लेख पर आधारित खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैंने कहा था कि वक्फ विधेयक अभी मुसलमानों पर हमला करता है लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने की मिसाल बनेगा। संघ को ईसाइयों की ओर अपना ध्यान ले जाने में देर नहीं लगी।' राहुल गांधी ने कहा, संविधान ही एकमात्र ढाल है जो हमारे लोगों को ऐसे हमलों से बचाता है और इसकी रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। कांग्रेस नेता ने जिस लेख का हवाला दिया, अब ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है। खबर के अनुसार, ऑर्गनाइजर के लेख में वक्फ से तुलना करते हुए कहा गया कि कैथोलिक चर्च और उसके संस्थानों के पास लगभग सात करोड़ हेक्टेयर भूमि है। मालूम हो कि वक्फ संशोधन विधेयक भारत सरकार की ओर से प्रस्तावित एक कानून है, जिसका उद्देश्य 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करना है।



# तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ होगा बीजेपी का गठबंधन

## अमित शाह के दौरे से पहले अटकलें हुई तेज, राज्य इकाई का भी दबाव

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी और एआईएडीएमके के बीच फिर से गठबंधन की अटकलें तेज हो रही हैं। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने के अंत में तमिलनाडु का दौरा करेंगे। अमित शाह का यह दौरा आगामी बिहार चुनावों और पश्चिम बंगाल के 2026 में होने वाले चुनावों से पहले की रणनीति के तहत तय किया गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि गृह मंत्री एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। मार्च में एआईएडीएमके नेता एदप्पादी के पलानीस्वामी ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की थी, जिससे यह अटकलें तेज हो गई कि दोनों पुराने सहयोगी विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर गठबंधन कर सकते हैं और द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बना सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, उनकी मुलाकात संघ विचारक एस गुरुमूर्ति और कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से भी हुई, लेकिन क्या एआईएडीएमके नेताओं से बातचीत हो रही है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई। राज्य के कुछ नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव डाला है कि वह एआईएडीएमके के साथ फिर से गठबंधन करें, जिससे पार्टी को राज्य में अपनी पकड़ बढ़ाने और एंटी-डीएमके भावना का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, दोनों दलों के नेताओं के बीच गठबंधन की संभावना को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है। हमें उम्मीद है कि राज्य में संगठनात्मक फेरबदल के बाद इस बारे में जल्द ही कोई घोषणा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के पद से के. अन्नामलाई के इस्तीफे के बाद सबकी नजरें इस बात पर हैं कि पार्टी किसे उनका उत्तराधिकारी चुनेगी।

### शाह का बिहार और पश्चिम बंगाल दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आगामी यात्रा में बिहार का होने वाला है। प्रदेश के एक नेता ने बताया, मार्च में अपनी पिछली यात्रा के दौरान अमित शाह ने राज्य के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पार्टी की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी। आगामी दो दिवसीय यात्रा के दौरान मंत्री चुनावी रणनीति के लिए दिशा-निर्देश देंगे। पश्चिम बंगाल का दौरा भी जल्द घोषित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को सशक्त करना और आगामी चुनावी अभियान की रणनीति तय करना है। शुक्रवार को भाजपा के सांसदों ने राज्य में शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का मुद्दा उठाया था।

# ठाणे : हाइड्रोलिक डंपर से गिरकर मरने वाले ऑपरेटरों के परिजनों को नहीं मिलेगा मुआवजा



**ठाणे :** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने हाइड्रोलिक ऑपरेटर के परिजनों के मुआवजे के दावे को खारिज कर दिया। गोविंद बंदगर सात मई 2005 को हाइड्रोलिक डंपर की जांच कर रहे थे। तभी डंपर उन पर गिर गया था जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच साल बाद 31 मई 2010 को उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी महानंदा और तीन बेटों ने मुआवजे की मांग की।

आदेश में एमएसीटी के सदस्य एसएन शाह ने कहा कि हाइड्रोलिक डंपर दुर्घटना तब हुई, जब बंदगर इसे चला रहे थे और कोई अन्य वाहन इसमें शामिल नहीं था। यदि लापरवाही मृतक की खुद की है, तो उसके कानूनी प्रतिनिधि उसकी अपनी गलती के लिए धारा 166 के तहत मुआवजे का दावा नहीं कर सकते। यदि यह साबित नहीं होता कि दुर्घटना किसकी लापरवाही के कारण हुई, तो याचिका शुरू से ही विफल हो जाती है। एमएसीटी ने बंदगर के परिजनों के मुआवजे के दावे को खारिज करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों और प्रथम दृष्टया यह दिखाने के लिए कोई आधार या कारण नहीं दिया गया है कि यह याचिका धारा 166 के तहत विचारणीय है।

# इनसानी बस्ती में दाखिल हुई एक बाघिन को बेहोश करके बचाया गया



**भंडारा :** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में इनसानी बस्ती में दाखिल हुई एक बाघिन को बेहोश करके बचाया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इससे कुछ दिन पहले ही जिले में एक और बाघ को पकड़ा गया था। बाघिन को शनिवार को लाखांदूर वन रेंज के अंतर्गत गवराला गांव के खेत से बचाया गया। सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) संजय मेंढे ने बताया कि बाघिन पिछले कुछ दिनों से आवासीय क्षेत्रों के करीब पहुंच रही थी, जिसके कारण उसे पकड़ने की मांग बढ़ गई थी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गवराला गांव में बाघिन ने एक गोवंशीय पशु को मार डाला था। सूचना मिलने के बाद वन अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे बेहोश कर पकड़ लिया।

# मुंबई : एसआरए ने पीएपी के अपार्टमेंट के वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए नई ऑनलाइन प्रणाली शुरू की

**मुंबई :** स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) ने हाल ही में परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) के अपार्टमेंट के वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए एक नई ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली पात्र झुग्गीवासियों को एसआरए कार्यालय जाने की आवश्यकता के बिना पीएपी अपार्टमेंट के लिए आवेदन करने की अनुमति देती है, बशर्ते कि इमारत को अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त हो।

यह उपयोगकर्ता के अनुकूल प्लेटफॉर्म आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति को ट्रैक करने और अपार्टमेंट आवंटन के बारे में जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देता है। नई प्रणाली में एक



ऑनलाइन लॉटरी सुविधा भी शामिल है, जो पारदर्शी और निष्पक्ष आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। एसआरए अधिकारियों के अनुसार, इस डिजिटल दृष्टिकोण का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, नौकरशाही की देरी को कम करना और संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना है। एसआरए के अनुसार ऑनलाइन प्रणाली को लाभार्थियों को आवास के अधिक कुशल और न्यायसंगत वितरण की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जाता है।

# २ मंजिला घर में लगी आग, कोई घायल नहीं



**पुणे :** पुणे के नाना पेठ इलाके में रविवार शाम को एक दो मंजिला घर में आग लग गई। एक दमकल अधिकारी ने बताया। अधिकारी ने बताया कि यह आग पुराने लकड़ी के बने घर में लगी, जो इलाके के एक मंदिर के पास स्थित है। आग लगनी सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं, जिसके बाद पांच और दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। घर लंबे समय से खाली था। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# पुणे : जीआईपीई के बजट में हेराफेरी करने पर सचिव पकड़ा...



**पुणे :** गोखले राजनीति और अर्थशास्त्र संस्थान (जीआईपीई) की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (एसआईएस) के सचिव को धोखाधड़ी और बजट की हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। डेक्कन जिमखाना पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि जीआईपीई के डिप्टी रजिस्ट्रार की शिकायत पर सचिव मिलिंद देशमुख को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। शिकायत के मुताबिक धन की हेराफेरी 2022-23 में हुई। जब जीआईपीई के 1.5 करोड़ रुपये के फंड को एसआईएस के लिए जमीन खरीदने में लगा दिया गया। पिछले दिनों जीआईपीई के चांसलर और ईएसी-पीएम सदस्य संजीव सान्याल को एसआईएस ने संस्थान के गिरते शैक्षणिक मानकों और नैक में बी ग्रेड मिलने पर पद से हटा दिया था और फिर बहाल कर दिया था। सान्याल ने एसआईएस के अध्यक्ष दामोदर साहू को लिखे एक पत्र में कहा था कि जीआईपीई में कई साल वित्तीय अनियमितता हो रही है।

# गोंदिया : शादी में खाना खाने से 50 से अधिक लोग बीमार



**गोंदिया :** महाराष्ट्र को गोंडिया जिले के एक गांव से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक शादी के फंक्शन में खाना खाने से 50 से अधिक लोग बीमार हो गए। इसमें कई बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे मामले को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों का गोरेगांव तहसील के ग्रामीण अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और गोंदिया के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**जानिए पूरा मामला**

पुलिस अधिकारी ने इस पूरे मामले में जानकारी देते हुए कहा कि बीमार लोगों ने शनिवार को बाबई गांव में एक शादी में खाना खाया था। गोरेगांव के ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के. पटले ने बताया कि शनिवार शाम को ग्रामीण अपने बच्चों के साथ पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे।

**गांव में लगाया गया चिकित्सा शिविर**

उन्होंने बताया कि हमने बच्चों समेत सभी मरीजों का इलाज किया। रविवार को चार मरीजों को छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य निगरानी में हैं और उनकी हालत स्थिर है। घटना के बाद जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति पर नजर रखने के लिए बाबई गांव में चिकित्सा शिविर लगाया।

# मुंबई : वरिष्ठ नागरिक से हैंडबैग छीनने और उसे ट्रेन से बाहर खींचने के लिए 10 साल के कारावास की सजा



**मुंबई :** सत्र न्यायालय ने शनिवार को 30 वर्षीय फुटपाथ निवासी को अगस्त 2018 में एक वरिष्ठ नागरिक से हैंडबैग छीनने और उसे ट्रेन से बाहर खींचने के लिए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता प्रतिभा विजयकुमार त्रिपाठी 22 अगस्त, 2018 को उद्यान एक्सप्रेस से बैंगलोर जा रही थी। जब वह बैठी थी, तो मुकदर मुमताजली इदरीसी उर्फ रहमान ने उसका पर्स छीनने की कोशिश की।

त्रिपाठी ने उसका बैग पकड़ लिया; उसे ट्रेन से बाहर खींच लिया गया और वह पटरियों पर गिर गई। हालांकि, आरोपी भागने में सफल रहा। त्रिपाठी को जेजे अस्पताल और बाद में अंधेरी में एक अन्य चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। इदरीसी के खिलाफ सीएसएमटी रेलवे पुलिस में मामला दर्ज किया गया था।

# मुंबई: 10 अप्रैल से पानी के टैंकर सेवाएं बंद; जलाशयों में सिर्फ 33 फीसदी पानी

**मुंबई:** मुंबई में 10 अप्रैल से पानी के टैंकर सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। मुंबई नगर निगम द्वारा केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के संबंध में नए नियम लागू किए जाने के बाद मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है। एसोसिएशन ने यह निर्णय बीएमसी की नोटिस के बाद लिया है। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब मुंबई पर जल संकट मंडरा रहा है। जलाशयों में सिर्फ 33 फीसदी पानी की बचा है। ऐसी भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि सप्लाई में कटौती



की जा सकती है। मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने लोगों से पानी का विवेकपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की है, ताकि जल संकट से बचा जा सके।

मुंबई नगर निगम ने एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि मुंबई में कुएं और बोरवेल मालिकों को केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के नियमों के अनुसार एनओसी प्राप्त करना होगा, अन्यथा पानी की आपूर्ति काट दी जाएगी। चूंकि यह पाया गया है कि बोरवेल मालिकों के पास एनओसी नहीं है, तो पानी की आपूर्ति कैसे की जाए? इस चिंता के कारण, मुंबई वाटर टैंकर एसोसिएशन ने इस निर्णय के विरोध में जल टैंकर सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है। मुंबई के विभिन्न भागों में पहले से ही जलापूर्ति बाधित होने के कारण यदि पानी के टैंकर बंद कर दिए गए तो मुंबईकरों को भारी नुकसान हो सकता है।

## लातूर नगर निगम के आयुक्त ने की खुदकुशी की कोशिश

**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर नगर निगम के आयुक्त ने खुद को बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि शनिवार देर रात नगर आयुक्त बाबासाहेब मनोहरे को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। मनोहरे ने बारशी रोड पर अपने आवास पर रात करीब 11.30 बजे सिर में बंदूक से खुद को गोली मार ली। उन्हें स'ाद्री अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी आपातकालीन सर्जरी की। अस्पताल के निदेशक डॉ हनुमंत किणीकर ने कहा कि गोली उनके सिर के दाहिने हिस्से में घुस गई। इससे भारी रक्तस्राव हुआ एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मनोहरे ने 20 अक्टूबर 2022 को लातूर नगर निगम आयुक्त का कार्यभार संभाला था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com